Title: Need to solve water-logging problem caused by the River Ganga in Patna District of Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : सभापति महोदय, बिहार में लगभग 10 लाख हैक्टर भूमि जल जमाव की समस्या से पीड़ित है। जल जमाव का टाल क्षेत्र लगभग डेढ़ लाख हैक्टर में फैला है जो कि गंगा नदी के दक्षिणी तट में पटना जिले के फतुहा से लेकर शेखपुरा, लखीसराय, सूर्यगढ़ा तथा गनगनियां से कहलगांव तक फैला हुआ है। इस टाल क्षेत्र को विशो केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता है जिससे इसकी उपजाऊ भूमि से दुगनी उपज ली जा सके। दूसरी ओर उत्तरी बिहार के प्रायः सभी जिलों के चौर क्षेत्रों में लगभग नौ लाख हैक्टर भूमि जल मग्न रहती है। इस जल मग्नता का कारण अत्यधिक वर्ाा, जल निकासी का अभाव, प्रमुख नदियों का अधिक जल स्तर और इन नदियों द्वारा अत्यधिक मात्रा में गाद इकट्ठा होना आदि है।

मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हुं और आग्रह करता हूं कि इन क्षेत्रों की समस्याओं का शीघ्र निदान कराया जाये।